# नेपानगर नगर पालिका परिषद में सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन

**जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर।** नेपानगर नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में सोमवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने



भ्रष्टाचार की बहुमुखी प्रकृति पर विचार व्यक्त करते हुए।इसे एक जटिल सामाजिक समस्या के रूप में परिभाषित किया।उन्होंने नेपा लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा के विशिष्ट आतिथ्य में नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा और अखंडता की प्रतिज्ञा दिलाई।इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने मिलीभगत और एकजुट भ्रष्टाचार सहित विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचारो पर विस्तार से चर्चा की और जटिल नियमों, पारदर्शिता की कमी और कृत्रिम कमी जैसे मूल कारणों पर चर्चा की। उन्होंने भ्रष्टाचार के परिणामों पर भी चर्चा की,जिसमें आर्थिक विकृतियाँ और बिगड़ती कार्य संस्कृति शामिल हैं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्षा सरला प्रवीण काटकर,नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विजय यादव, वरिष्ठ समाजसेवी और अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर बिनोद पाटिल, जितेंद्र पाटिल,राजेश पटेल लारा,राजू दामू पाटिल,पंकज मलन्ना, अंबादास सोनवने, बसंतीबाई उईके, पार्वतीबाई भिलावेकर, कैलाश पटेल,परिषद के लेखाधिकारी सुनील वाणी,तुषार राजपूत,पांडुरंग पाटिल और नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ की ओर से आदित्य तिवारी उपस्थित थे।

बुरहानपुर 24-09-2024

# नेपा मिल के विजिलेंस अफसर ने नपा में दिलाई शपथ



नेपानगर | सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में नेपा मिल की ओर से शपथ कार्यक्रम किया गया। इसमें मिल के विजिलेंस अधिकारी विनीत कुमार ने अफसर, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। मिलीभगत, एकजुटता सहित विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचार पर विस्तार से बात रखी। जटिल नियमों, पारदर्शिता की कमी, कृत्रिम कमी सहित अन्य कारणों पर चर्चा की। उन्होंने भ्रष्टाचार के परिणामों को लेकर भी चर्चा की। इसमें आर्थिक विकृतियां और बिगड़ती कार्य संस्कृति शामिल है। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, विजय यादव, डॉ. विनोद पाटिल, जिर्तेंद्र पाटिल, राजेश पटेल, राजू दामू पाटिल, पंकज मल्लना, अंबादास सोनवणे, बसंतीबाई उइके, पार्वतीबाई भिलावेकर, कैलाश पटेल, लेखाधिकारी सुनील वाणी, तुषार राजपूत, पांडुरंग पाटिल, आदित्य तिवारी मौजूद थे।

पत्रिका

## नेपा मिल की ओर से नगर पालिका में अभियान

# मुख्य सतर्कता अधिकारी ने की मिलीभगत व भ्रष्टाचार पर चर्चा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** नगर पालिका परिषद नेपानगर के तत्वावधान में सोमवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने भ्रष्टाचार की बहुमुखी प्रकृति पर विचार व्यक्त करते हुए इसे एक जटिल सामाजिक समस्या के रूप में परिभाषित किया।

उन्होंने नेपा लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा और अखंडता की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने मिलीभगत और एकजुट भ्रष्टाचार सहित विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचारों पर विस्तार से चर्चा की और जटिल नियमों, पारदर्शिता की कमी और कृत्रिम कमी जैसे मूल कारणों पर चर्चा की। उन्होंने भ्रष्टाचार के परिणामों पर भी चर्चा की जिसमें आर्थिक विकृतियां और बिगड़ती कार्य संस्कृति शामिल हैं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्षा सरला प्रवीण काटकर, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विजय यादव, वरिष्ठ समाजसेवी और अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर विनोद पाटिल, जितेंद्र पाटिल, राजेश पटेल, राजू दामू पाटिल, पंकज मलन्ना, अंबादास सोनवने, बसंतीबाई उइके, पार्वतीबाई भिलावेकर, कैलाश पटेल, परिषद के लेखाधिकारी सुनील वाणी, तुषार राजपूत, पांडुरंग पाटिल और नेपा लिमिटेड के सतर्कता प्रकोष्ठ की ओर से आदित्य तिवारी उपस्थित थे।

24/09/2024 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
Date 24 Sep 2024

# संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

नगर पालिका परिषद नेपानगर के तत्वावधान में सोमवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल ने भ्रष्टाचार की बहुमुखी प्रकृति पर विचार व्यक्त करते हुए इसे एक जटिल सामाजिक समस्या के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने नेपा लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा और अखंडता की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने मिलीभगत और एकजुट भ्रष्टाचार सहित विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचारों पर विस्तार से चर्चा की और जटिल नियमों, पारदर्शिता की कमी और कृत्रिम कमी जैसे मूल कारणों पर चर्चा की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्षा सरला प्रवीण काटकर, पूर्व उपाध्यक्ष विजय यादव, प्रतिनिधि डॉ. विनोद पाटिल, जितेंद्र पाटिल, राजेश पटेल, राजू दामू पाटिल, पंकज मलन्ना, अंबादास सोनवने, बसंतीबाई उईके, पार्वतीबाई भिलावेकर, कैलाश पटेल आदि उपस्थित थे।